रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.) 72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 175] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 1, 1982/आश्विन 9, 1904
No. 175] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 1, 1982/ASVINA 9, 1904

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

सार्वजनिक सूचना संख्या 1-पी०आर०-एन०पी०/82

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1982

फाइल संख्या 33/52/82-पी०आर०-एन०पी०/जे०एस० (बी)--अखबारी कागज नियंत्रण आदेश 1962 के खण्ड 3 के उपखण्ड (5) के साथ पठित आयात और निर्यात नीति के परिशिष्ट 9 के अनुच्छेद 6 की शर्तों के अनुसार भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय लाइसेंसिंग वर्ष अप्रैल, 1982—मार्च, 1983 के लिए अखबारी कागज आबंटन नीति, जैसे इस सार्वजनिक सूचना के अनुलग्नक में है, एतद्द्वारा अधिसूचित करता है।

2. आयातित अखबारी कागज की सभी किस्मों की कीमत उपरोक्त लाइसेंसिंग वर्ष की प्रत्येक तिमाही के लिए भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा अलग से निर्धारित होगी और भारत के राज्य व्यापार निगम, नई दिल्ली के द्वारा उसकी घोषणा होगी।

जे०के० भट्टाचार्य, संयुक्त सचिव

अनुलग्नक

वर्ष 1982-83 के लिए अखबारी कागज की आबंटन नीति

1 प्रयोज्यता

इस नीति का संबंध अखबारी कागज के आबंटन से है जिस पर अखबारी कागज नियंत्रण आदेश, 1962 लागू होता है।

2 परिभाषा .

इस नीति में तथा संलग्न अनुदेशों में 'समाचारपत्र' का अर्थ होगा दैनिक समाचारपत्र अथवा कोई भी अन्य आवधिक।

3 पात्रता :

3.1 प्रत्येक समाचारपत्र, जो प्रकाशन की नियमितता का निर्धारित प्रतिशत पूरा करता है, जैसा कि इस नीति के परिशिष्ट के अनुच्छेद-1 में उल्लिखित है, अखबारी कागज के आबंटन के लिए पात्र है।

3.2 भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा निम्नलिखित के लिए भी अखबारी कागज का आबंटन प्राधिकृत किया जा सकता है।

(1) समाचार एजेंसियों द्वारा टेलिप्रिन्टर पर समाचार संप्रेषित करना;

(2) समाचारपत्रों द्वारा मुद्रण परीक्षण;

(3) शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए न्यून मूल्य की पुस्तकों का मुद्रण; और

(4) महाविद्यालय और विद्यालय की पत्रिकाओं का मुद्रण।

3.3 निम्नलिखित प्रकाशन की श्रेणियां अखबारी कागज के आबंटन की पात्र नहीं होंगी:—

(1) वस्तुओं अथवा सेवाओं की बिक्री को मुख्यरूप से प्रोत्साहन देने हेतु प्रकाशित जर्नल;

(2) उद्यमों/फर्मों/औद्योगिक संस्थानों द्वारा निकाले गये गृह पत्र/पत्रिकाएं,

(3) कीमत सूचियां, सूचीपत्र तथा लाटरी समाचार;

(4) रेसिंग गाइड;

(5) सैक्स मेगजिने।

4. हकदारी :

4.1 विद्यमान समाचारपत्रों जिन्होंने उपरोक्त अनुच्छेद 2.1 में अन्तर्विष्ट शर्तें पूरी कर ली है, उनकी 1982-83 के लिए अखबारी कागज की मूल हकदारी 1981-82 में अखबारी कागज अथवा सफेद प्रिंटिंग कागज अथवा दोनों की यथार्थ खपत के आधार पर औसत प्रसार, पृष्ठों की औसत संख्या, प्रकाशित औसत पृष्ठ क्षेत्र और प्रकाशन दिनों की संख्या इस नीति के परिशिष्ट के अनुच्छेद 2.7 और 2.8 के साथ पठित अनुच्छेद 2.1 में अन्तर्विष्ट किये गये अनुदेशों के अनुसार हिसाब में लेते हुए निर्धारित की जायेगी।

4.2 वर्ष 1982-83 की हकदारी निर्धारित करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन के लिए योजना के अन्तर्गत प्राप्त किये गये और 1981-82 के दौरान खपत किये गये अखबारी कागज को भी हिसाब में लिया जायेगा।

4.3 किसी समाचारपत्र के सभी संस्करण (अर्थात् जिसका वही नाम हो, वही आवधिकता हो, उसी भाषा में प्रकाशित किया गया हो और उसी स्वामी के स्वामित्व में हो) चाहे वे उसी स्थान से अथवा अलग-अलग स्थानों में प्रकाशित हुए हों, को एक समाचारपत्र माना जायेगा और उसकी हकदारी सभी संस्करणों के निष्पादन विवरण के आधार पर निकाली जायेगी।

4.4 नए समाचारपत्रों को आरम्भिक कोटे की अनुमति इस नीति के परिशिष्ट के अनुच्छेद 2.3 और 2.4 में अन्तर्विष्ट व्यवस्थाओं के अनुसार दी जायेगी

4.5 जिन समाचारपत्रों को 1980-81 में अथवा किसी पहले के वर्ष में अखबारी कागज का आबंटन किया गया था परन्तु जिसने 1981-82 में कोई भी अखबारी कागज प्राप्त नहीं किया उनको इस नीति के परिशिष्ट के अनुच्छेद 2.5 में अन्तर्विष्ट व्यवस्थाओं के अनुसार अखबारी कागज का आबंटन किया जायेगा।

5. पुनरीक्षण :

5.1 जिन समाचारपत्रों ने वर्ष 1982-83 के लिए अखबारी कागज की मूल हकदारी प्राप्त कर ली है, वह प्रसार में वृद्धि के आधार पर आबंटन के बढ़ने वाले पुनरीक्षण के लिए एक बार आवेदन कर सकते हैं।

5.2 ऐसे तथ्यों की दृष्टि से जैसे कि अखबारी कागज की मात्रा की संभावित उपलब्धता और बफर स्टाक में पर्याप्त मात्रा बनाये रखने की आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न स्रोतों से आबंटन में पुनरीक्षण/परिवर्तन किया जा सकता है।

6. अंतिम तिथि

अखबारी कागज के आबंटन के लिए आवेदन पत्र निर्धारित फार्म में देना चाहिए और वह भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक दिल्ली को भेजना चाहिए, जिससे कि वह 30 नवम्बर, 1982 को अथवा इससे पहले उनके पास पहुंच जाए।

7. अनुदेश :

इस नीति को कार्यान्वित करने के लिए विस्तृत अनुदेश इस नीति के परिशिष्ट में दिये गये हैं।

परिशिष्ट

अखबारी कागज आबंटन नीति 1982-83 की शर्तों के अनुसार अखबारी कागज के आबंटन के लिए अनुदेश

1. नियमितता :

1.1 समाचारपत्रों को अखबारी कागज का आबंटन किया जा सकता है यदि उनकी प्रकाशन की निम्नलिखित नियमितता है :

(1) 1981-82 में 50 प्रतिशत तथा

(2) 1982-83 में दैनिकों के मामले में 90 प्रतिशत और आवधिकों के मामले में 66⅔ प्रतिशत।

2. हकदारी :

2.1 किसी समाचारपत्र की 1982-83 में अखबारी कागज का मूल हकदारी उसके द्वारा 1981-82 में अखबारी कागज या सफेद प्रिंटिंग कागज अथवा दोनों की खपत के आधार पर उसके औसत प्रसार, पृष्ठों की औसत संख्या, प्रकाशित औसत पृष्ठक्षेत्र तथा प्रकाशित दिनों की संख्या को हिसाब में लेते हुए निर्धारित की जायेगी। ऐसे मामले में जहां कि वर्ष 1981-82 के लिए फार्म एन०पी०-3 में निष्पादन विवरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन मामलों में 1981-82 के अन्तिम तीन माह के दौरान खपत की प्रायोजना 1-4-81 से 31-12-81 की अवधि के औसत के आधार पर निकाली जाएगी जैसे कि वर्ष 1981 के वार्षिक विवरण में प्रदर्शित किया गया।

2.2 निर्यात प्रोन्नति योजना के अन्तर्गत अखबारी कागज के उपयोग के संबंध में सूचना फार्म एन०पी० 2 का कालम 6 में प्रस्तुत करनी चाहिए।

2.3 नए समाचारपत्रों को प्रथम चार महीनों के लिए प्रारम्भिक कोटे की अनुमति दी जाएगी, जैसा कि भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक आवेदक द्वारा प्रसार संख्या के प्रोजेक्शन से सन्तुष्ट होने पर निर्धारित करेंगे, जो दैनिकों के मामले में प्रति अंक आठ मानक पृष्ठों (254 0 वर्ग सें०मी०) की अधिकतम 10,000 प्रतियों और अन्य के मामले में सोलह मानक पृष्ठों के अधीन होगा।

2.4 नए समाचारपत्र जो प्रारम्भिक कोटा प्राप्त करते हैं वे तीन महीने के प्रकाशनों को एक पक्ष के अन्दर उनको आबंटित अखबारी कागज के उचित प्रयोग का प्रमाण फार्म एन०पी०-3 में प्रस्तुत करना चाहिए। तत्पश्चात वर्ष 1982-83 के लिए इसकी हकदारी वास्तविक निष्पादन और शेष कोटा, यदि कोई हो, शेष वर्ष के लिए अखबारी कागज हेतु प्रकाशन द्वारा औपचारिक आवेदन पत्र की प्रस्तुति से प्रार्थना पर विमोचित के आधार पर प्रकाशन की तारीख से निर्धारित की जाएगी।

2.5 जिन समाचारपत्रों को 1980-81 में अथवा किसी पहले वर्ष में अखबारी कागज का आबंटन किया गया था परन्तु जिन्होंने 1981-82 में कोई भी अखबारी कागज प्राप्त नहीं किया, वे उनके आवेदन पत्र के प्राप्त होने के महीने से अखबारी कागज के हकदार होंगे। जिस वर्ष में उन्होंने अखबारी कागज प्राप्त नहीं किया था उन वर्षों के लिए उनकी हकदारी का हिसाब अनुमानित आबंटन को करके के बाद किया जाएगा।

2.6 समाचारपत्रों की हकदारी आयातित अखबारी कागज और स्वदेशी अखबारी कागज के लिए भी 59 ग्राम पदार्थ जमा व घटा 5 प्रतिशत के आधार पर निकाली जाएगी।

2.7 समाचारपत्रों का प्रसार (क) विक्रय की गई प्रतियों की संख्या और (ख) मुफ्त वितरित प्रतियों की संख्या, बिना बिकी लौटाई गई अथवा अन्य कोई मुद्रित प्रतियां, जो न तो बिकी हों और न ही मुफ्त वितरित की गई हों, को हिसाब में लेकर निर्धारित किया जायगा, बशर्ते कि संबंधित मुद्रण आदेश की प्रतिशतता निम्न से अधिक न हो--

प्रसार	दैनिक/त्रि साप्ताहिक	साप्ताहिक और पाक्षिक	अन्य
5,000 तक	10%	15%	20%
5,000 और 10,000 के बीच	10%	10%	15%
10,000 से अधिक	5%	5%	10%

2.8 प्रेस पंजीयक, प्रत्येक मामले में मूल हकदारी निकालने और उसे पुनरीक्षण करने में जैसा वह उचित समझे सामान्य औसत खपत के आधार पर निम्नलिखित की उपेक्षा कर सकते हैं :—

1. विशेष परिस्थितियां जिसमें हड़ताल/तालाबन्दी या अन्य कारण शामिल है, से उत्पन्न प्रसार में असाधारण अल्पावधि गिरावट, और

2. प्रसार में असाधारण अल्पावधि वृद्धि, समाचारपत्रों की प्रतियोगिता में कार्य के बन्द होने/रुकावट होने अथवा अन्य कोई असाधारण परिस्थितियां।

ऐसे समाचारपत्रों के मामले में जो असाधारण रूप से लंबी अवधि तक नहीं निकाले जा सके, उनकी हकदारी सभी संगत तथ्यों को हिसाब में लेने के बाद निकाली जा सकती है।

2.9 समाचारपत्रों को अतिरिक्त अखबारी कागज निम्न सीमाओं तक छीजन की क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जाएगा।

(1) सभी समाचार पत्रों के लिए 5 प्रतिशत

(2) आवधिकों के मामले में जो बहु रंग प्रिंटिंग का प्रयोग करते हैं 7 प्रतिशत

2.10 अगर किसी समाचार पत्र ने 1981-82 अथवा किसी गत वर्ष में उनको आवंटित अखबारी कागज का प्रयोग न किया हो तो अप्रयुक्त मात्रा को उसके वर्ष 1982-83 की हकदारी में समायोजित किया जाएगा।

3. **आवेदन पत्र भेजने की प्रक्रिया :**

3.1 प्रकाशक अथवा उसके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा अखबारी कागज के आवंटन के लिए आवेदन पत्र फार्म एन० पी०-1 और एन० पी०-2 में भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक, नई दिल्ली को भेजने चाहिए ताकि वह उनके पास 30 नवम्बर, 1982 को या इससे पहले पहुंच जाएं।

3.2 समाचारपत्रों द्वारा अखबारी कागज के लिए आवेदनपत्र के साथ फार्म एन० पी०-3 में वर्ष 1981-82 के निष्पादन विवरण का प्रमाण-पत्र अथवा प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 की धारा 19-डी के अन्तर्गत अपेक्षित 1981 के वार्षिक विवरण की एक प्रति दाखिल करनी अपेक्षित है। जिन समाचारपत्रों का औसत प्रसार 2000 प्रतियां प्रति अंक, से अधिक है, उनका प्रमाण-पत्र अथवा वार्षिक विवरण जैसा भी मामला हो, सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

3.3 नए प्रकाशनों द्वारा (उपरोक्त अनुच्छेद 2.3 के तहत) आरंभिक कोटा के लिए आवेदन-पत्र फार्म एन० पी०-1 में देने चाहिए और उनके साथ निम्नलिखित होने चाहिए :—

(1) फार्म एन० पी०-4 तथा

(2) आवेदक द्वारा निष्पादित बांड और किसी अनुसूचित ग्रामीण या सहकारी बैंक द्वारा आवेदक की आरम्भिक हकदारी के अखबारी कागज के मूल्य के 20 प्रतिशत के लिए विधिवत् गारंटी हो। कागजाती प्रमाणपत्रों की प्रस्तुति से भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक की संतुष्टि हो जाने पर कि समाचारपत्र के प्रकाशन के लिए यह अखबारी कागज उपयोग किया गया है तो यह बांड रद्द कर दिया जाएगा।

3.4 हकदारी के पुनरीक्षण के लिए किए गए आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित कागजात होने चाहिए :—

(1) फार्म एन० पी०-3 में 1982-83 के लिए निष्पादन विवरण प्रमाणपत्र (पूर्व मास के अन्त तक जिसमें कि आवेदन पत्र किया गया है) ऐसे समाचारपत्रों के मामले में, जिनकी प्रसार संख्या 2000 प्रतियां प्रति प्रकाशन दिवस से अधिक है, यह प्रमाण-पत्र सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। तथा

(2) जिन समाचारपत्रों की अखबारी कागज की हकदारी 30 0 मीट्रिक टन, अथवा इससे अधिक है, उनको आवेदन पत्र के साथ आयकर रिटर्न की अधिप्रमाणित प्रति और वर्ष 1981-82 का तुलन पत्र भेजना चाहिए।

3.5 जिन समाचारपत्रों की प्रसार संख्या भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा निर्धारित प्रसार संख्या, उनके द्वारा दावा की गई प्रसार संख्या की अपेक्षा कम है, वे उन्मुक्त पुनरीक्षण के लिए ग्राह्य नहीं होंगे।

3.6 हकदारी के पुनरीक्षण के लिए आवेदन पत्र भारत के समाचारपत्रों के कार्यालय में 15 जनवरी, 1983 को अथवा इससे पहले पहुंच जाने चाहिए।

4. **आवंटन :**

4.1 अखबारी कागज स्टैंडर्ड, रोटो, ग्रावर और प्लेज्ड का आवंटन, अनुच्छेद 4.2 में उल्लेख के अतिरिक्त प्राय. रीलों में किया जाएगा।

4.2 शीट फेड मशीनों में मुद्रित समाचारपत्रों अपनी हकदारी केवल शीटों में प्राप्त करेंगे। अगर शीटों उपलब्ध नहीं हैं तो रीलों की शीटों में बदलने के लिए हकदारी में 5 प्रतिशत की बढ़ौतरी की जाएगी बशर्ते यह प्रमाणित हो जाए कि प्रिंटिंग वास्तविक में शीटों में हुआ है।

4.3 नेपा मिल के अखबारी कागज में संबंध में प्रकाशनों को नेपा अखबारी कागज के लिए उनकी हकदारी की अपेक्षा 15 प्रतिशत अधिक की अनुमति दी जाएगी।

4.4 दैनिक पत्रों के अलावा जिन आवधिकों का प्रकाशन तीन महिने के अधिक समय से नियमित रूप से हो रहा है, उनकी पूरी हकदारी या उसका एक हिस्सा प्लेज्ड या रोटो ग्रावन अखबारी कागज में देने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते कि वह उपलब्ध हो।

4.5 300 मीट्रिक टन से न्यून हकदारी वाले समाचारपत्रों को स्वदेशी अथवा आयातित अखबारी कागज या तो भाग में अथवा पूर्ण में लेने का विकल्प होगा।

4.6 300 मीट्रिक टन/अथवा अधिक हकदारी वाले समाचारपत्रों को अखबारी कागज का आवंटन निम्न प्रकार होगा :—

(1) हकदारी का 20 प्रतिशत	नेपा अखबारी कागज
(2) हकदारी का 20 प्रतिशत	मैसूर पेपर मिल्स या/और एन० पी० सी० (केरल अखबारी कागज प्रोजेक्ट) से अखबारी कागज।
(3) हकदारी का 60 प्रतिशत	आयातित अखबारी कागज (इसका कम से कम 25 प्रतिशत राज्य व्यापार निगम के बफर स्टाक से उठाया जाना चाहिए)

4.7 देशी और आयातित अखबारी कागज के अनुपात में समय-समय पर स्टाक की उपलब्धि की दृष्टि से भिन्नता हो सकती है।

4.8 अगर राज्य व्यापार निगम द्वारा लेटर्स ऑफ क्रेडिट की प्राप्ति के 120 दिन के भीतर लदान नहीं किया जाता तो होई सी सेल्स के आधार पर बफर स्टाक से अनुपातिक मात्रा में आवंटन करने का प्रयत्न किया जाएगा, जो बाद में फिर से पूरा किया जाएगा।

5. **वितरण :**

5.1 आयातित अखबारी कागज के वितरण का कार्य पूर्णतया, अखबारी कागज नियंत्रण आदेश 1962 की हिदायतों और उपबंधों के अनुपालन के अनुसार भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा प्राधिकृत राज्य व्यापार निगम द्वारा किया जाएगा

5.2 हार्ड सी सेल्स के आधार पर डिलिवरी विदेशी सप्लायर द्वारा बुकिंग के लिए स्वीकार की गई न्यूनतम मात्रा अधीन होगी।

5.3 जिन समाचारपत्रों को हार्ड सी सेल्स के आधार पर आवंटन किया जाता है उनको राज्य लघु उद्योग विकास निगम अथवा जो ऐसे अन्य निगम जो राज्य में कार्यरत है अथवा उनके प्राधिकृत एजेंटों के द्वारा भी डिलीवरी लेने की अनुमति होगी।

5.4 ऐसे समाचारपत्र जो हार्ड सी सेल्स आवंटन की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं क्योंकि उनकी अलग-अलग हकदारी बहुत कम होने के कारण इस व्यवस्था में नहीं आ सकती। वे समाचारपत्र दूसरे छोटे समाचारपत्रों के साथ अपनी हकदारी मिला सकते हैं और अखबारी कागज हार्ड सी सेल्स से या राज्य लघु उद्योग विकास निगम या कोई ऐसा अन्य निगम, जो राज्य में कार्यरत है, के द्वारा अथवा उनके लिए कार्य कर रहे प्राधिकृत एजेंटों के द्वारा ले सकते हैं।

5.5 स्वदेशी अखबारी कागज की हकदारी के लिए संबंधित मिलों को प्राधिकरण सीधे भारत के समाचारपत्रों पंजीयक द्वारा जारी होंगे।

5.6 समाचारपत्रों को हार्ड सी सेल्स अथवा बफर स्टाक अथवा देशी स्रोतों से अपना आवंटन निम्नलिखित अवधि के भीतर उठाना चाहिए:--

1. 50 टन से कम हकदारी वाले	6 महीने
2. अन्य	2 महीने

अगर कोई समाचारपत्र ऐसा करने में असफल होता है तो वह आगे अखबारी कागज के आवंटन से वंचित होने का उत्तरदायी होगा।

6. एक समाचारपत्र को आबंटित अखबारी कागज का दूसरे समाचारपत्र के लिए उपयोग

एक समाचारपत्र दूसरे समाचारपत्र अथवा समाचारपत्रों को आवंटित अखबारी कागज का उपयोग नहीं करेगा यद्यपि संबंधित प्रकाशन का वही स्वामित्व हो अथवा हार्ड सी सेल्स के आधार पर आयातित अखबारी कागज प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए उनकी हकदारी मिला देने की अनुमति दी गई हो।

7. अपवाद

7.1 इन अनुदेशों में किसी बात के होते हुए भी भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक उचित और विधिमान्य कारणों से किसी भी आवश्यकता को हटा सकते हैं या इन अनुदेशों में कोई भी रियायत दे सकते हैं।

8. विविध

8.1 अखबारी कागज के जिस डीलर अथवा एजेंट ने अखबारी कागज नियंत्रण आदेश 1962 का अनुपालन नहीं किया है उसको आयातित कागज हार्ड सी सेल्स अथवा बफर स्टाक से लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8.2 स्वदेशी अखबारी कागज विनिर्माण करने वाली मिलों को भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक को आवधिक रूप से ऐसी सूचना जैसे कि अपेक्षित है, प्रस्तुत करनी होगी जो अखबारी कागज नियंत्रण आदेश के अन्तर्गत अपेक्षित है।

8.3 जिस समाचारपत्र को अखबारी कागज का आवंटन किया गया हो उसको फार्म एन० पी०-3 में वर्ष 1982-83 के लिए निष्पादन विवरण प्रमाण-पत्र विधिवत् सनदी लेखापाल से प्रमाणित करवा कर यदि प्रसार संख्या 2000 प्रतियां प्रति प्रकाशन दिवस से अधिक होती 30 जून, 1983 तक प्रेस पंजीयक को प्रस्तुत करना चाहिए।

8.4 जो समाचारपत्र निलम्बित हो जाता है अथवा जिसका प्रकाशन बंद हो जाता है उसे प्रकाशन के निलंबित/बन्द होने के एक महीने के भीतर फार्म एन० पी० 3 में निष्पादन विवरण प्रमाण-पत्र भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक को प्रस्तुत करना होगा। भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के निदेशनों के अनुसार उसे उपयोग ही किया गया अखबारी कागज भी अभ्यर्पण करना होगा।

8.5 फार्म एन० पी०-1, एन० पी०-2, एन० पी०-3 और एन० पी०-4 के नमूने संलग्न हैं।

फार्म-आई

फार्म-एन० पी० 1

अखबारी कागज के आवंटन के लिए समाचारपत्रों/नियतकालिक पत्रों के आवेदन पत्र का फार्म।

भाग-1

1. आवेदक का नाम
2. समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का नाम
3. डाक का पूरा पता
4. (क) दिनांक जब से समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र नियमित रूप से प्रकाशित हो रहा है
   (ख) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा दी गई पंजीकरण संख्या
   (ग) जिला मजिस्ट्रेट के यहां नवीनतम घोषणा दाखिल किए जाने की तारीख
5. प्रतिष्ठान का प्रकार अर्थात् सार्वजनिक/निजी स्वामित्व आदि तथा निदेशकों/भागीदारों आदि के नाम
6. 12 महीने के लिए अपेक्षित अखबारी कागज की मात्रा/मूल्य
7. (क) क्रमबद्ध वितरण अपेक्षताएं
   (ख) प्राधिकृत एजेंट का नाम

8. समाचारपत्रों/नियतकालिक पत्रों का नाम तथा अन्य विवरण जो आवेदक के स्वामित्व में है।

समाचार पत्र का नाम	भाषा तथा नियतकालिकता	प्रकाशन का स्थान	क्या सरकार द्वारा अखबारी कागज मिलता है।
1	2	3	4

9. समाचारपत्रों/नियतकालिक पत्रों के प्रकाशन दिवस के प्रसार आदि का विवरण

(क) प्रस्तावित प्रकाशन की तिथि

(ख) छपने के लिए प्रस्तावित प्रतियों की औसत संख्या

(ग) औसत पृष्ठ संख्या

(घ) समाचारपत्रों/नियत कालिक पत्रों के एक पृष्ठ का औसत क्षेत्र (वर्ग सें० मी० में)

(ङ) प्रकाशन दिवसों की संख्या

10. अखबारी कागज का विवरण (ग्लेज्ड/अनग्लेज्ड/रील की आवश्यकता वाले अलग-अलग उल्लेख कीजिए)

मद संख्या	मात्रा मीट्रिक टनों में	स्रोत	मूल्य (सी० आई० एफ० रुपयों में)
1	2	3	4

वर्ष 1981-82 की अवधि में की गई खपत।

वर्ष 1982-83 के लिए आवश्यकता

11. पिछला लाइसेंसिंग वर्ष जिसमें भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय से अखबारी कागज लिया गया था।

12. (क) मशीन की किस्म (अर्थात् रोटरी/फ्लैटबेड/सैटर प्रेस)।
(ख) अपेक्षित रीलों/शीटों का आकार

घोषणा

1. मैं/हम एतद्द्वारा घोषित करता हूं/करते हैं कि मेरी/हमारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य और सही हैं। मैं/हम यह भली भांति समझता हूं/समझते हैं कि मुझे/हमें जो भी आवंटन प्रस्तुत विवरण के आधार पर स्वीकृत होगा यदि यह सिद्ध हो जाता है कि दिए गए विवरण गलत या असत्य हैं तो वह किसी अन्य जुर्माने के अलावा जो सरकार लगा सकती है अथवा अन्य कोई कार्यवाही, जो की जा सकती है मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर रद्द करने योग्य है।

2. मैं/हम यह भी घोषित करता हूं/करते हैं कि अगर अखबारी कागज का आवंटन किया जाता है तो वह केवल हमारे ऊपर दिए गए पते के प्रेस/अहाता/संस्थापन में प्रयुक्त होगा।

3. मैं/हम भी अच्छी तरह समझता हूं/समझते हैं कि सारणीबद्ध की गई मद (दों) का आवंटन सारणीबद्ध एजेंसी के जरिए आयात व्यापार नियंत्रण विनियम के अन्तर्गत किया जाता है और जिन शर्तों पर माल की निकासी उपयोग के लिए दी जाती है ऐसी वस्तुओं के किसी दुरुपयोग करने के उल्लंघन पर आयात तथा निर्यात (केन्द्रीय) अधिनियम 1947, यथासंशोधित तथा उसके अधीन जारी आदेश की व्यवस्थाओं की ओर आकृष्ट होगा।

4. मैं/हमने आयात नीति/आयात निर्यात प्रक्रिया की 1981-82 की हस्त पुस्तिका के प्रासंगिक उपबंधों को नोट कर लिया है।

हस्ताक्षर- ---------------

नाम स्पष्ट अक्षरों में- ---------------

पद का नाम- ---------------

निवास स्थान का पता- ---------------

दिनांक ---------------

फार्म एन०पी० 2

सभी आवेदकों द्वारा दिया जाने वाला विवरण

1. पत्र का नाम

2. भाषा/प्रावधिकता

3. प्रकाशन का स्थान

4. अखबारी कागज नियंत्रण आदेश, 1962 (अखबारी कागज नियंत्रण) (संशोधन) आदेश, 1962 द्वारा यथा संशोधित) के खण्ड 5क के अनुसार किस तारीख से गत अंक की लगातार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं।

5. वर्ष 1981-82 के दौरान प्रति मास की प्रति प्रकाशन दिवस की प्रकाशन औसत पृष्ठों की संख्या (मीलमें) (इस फार्म के अन्त में सलग्न अनुदेशों के अनुसार निकाली जा सकती है)

अप्रैल 81	मई 81	जून 81	जुलाई 81	अगस्त 81
सितम्बर 81		अक्तूबर 81		नवम्बर 81
दिसम्बर 81	जनवरी 82	फरवरी 82		मार्च 82

6. निर्यात संवर्धन की योजना के अन्तर्गत प्राप्त अखबारी कागज की खपत और वर्ष 1981-82 के दौरान खपत

ग्लेज्ड	अनग्लेज्ड	कुल

(ह्रा०..........)

प्रकाशक के हस्ताक्षर

दिनांक

नोट:—कालम 5 में दिये जाने वाले आंकड़ों के लिए अंक के कुल पृष्ठों की संख्या से गुणा करके संबंधित प्रकाशन दिवस को प्रकाशित कुल पृष्ठों की सूचना प्राप्त की जा सकती है। मास में सभी प्रकाशित दिवसों के कुल प्रकाशित पृष्ठों की संख्या को जोड़ लेना चाहिये। इस कुल संख्या को उस मास के कुल प्रकाशन दिवसों की संख्या से भाग करके मासिक औसत संख्या प्राप्त की जा सकती है।

फर्म एन०पी० 3

1-4-81 से 31-3-82 तक की अवधि के लिए प्रसार आदि संबंधी निष्पादन विवरण प्रमाणपत्र का फार्म

1. समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का नाम .... 3 भाषा ....

2. प्रकाशन का स्थान .... 4 प्रावधिकता पीरियाडिसी टी) ....

प्रतिमास औसत मास के दौरान

	अप्रैल 81	मई 81	जून 81	जुलाई 81	अगस्त 81	सितम्बर 81	अक्तूबर 81	नवम्बर 81	दिसम्बर 81	जनवरी 82	फरवरी 82	मार्च 82	वर्ष का औसत
(क) प्रतिमास वास्तविक प्रकाशन दिवसो की संख्या													
(ख) प्रति प्रकाशन दिवस प्रकाशित प्रतियों की औसत संख्या													
(ग) प्रति प्रकाशन दिवस बेची गई प्रतियों की औसत संख्या													
(घ) प्रति प्रकाशन दिवस मुफ्त वितरित (मानार्थ, वाउचर, विनिमय बोनस नमूना एवं कार्यालय प्रतियो सहित) प्रतियों की औसत संख्या													
(ङ) अनबिकी, वापिस की गई और अन्य मुद्रित प्रतियों की संख्या, जो (ख) और (ग) में शामिल नहीं की गई													
(च) समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का औसत आकार (वर्ग से०मी०में)													

	अप्रैल 81	मई 81	जून 81	जुलाई 81	अगस्त 81	सितम्बर 81	अक्तूबर 81	नवम्बर 81	दिसम्बर 81	जनवरी 82	फरवरी 82	मार्च 82	वर्ष का औसत
(छ) प्रकाशन दिवस के प्रति अंक के पृष्ठों की औसत संख्या													
(ज) प्रति प्रकाशन दिवस की प्रकाशित पृष्ठों की औसत संख्या । वर्ष के दौरान अखबारी कागज की कुल खपत (टन में) वर्ष 1981-82 के दौरान सफेद प्रिंटिंग कागज की खपत (टनों में)													

प्रकाशक के हस्ताक्षर .....

दिनांक .....

सनदी लेखापाल का प्रमाण पत्र

मैंने/हमने वर्ष 1981-82 के दौरान प्रकाशित सर्वश्री ..... (पत्र का नाम, भाषा और आवधिकता) के हिसाब की जांच कर ली है और अपने लिए आवश्यक सभी जानकारी और विवरण प्राप्त कर लिया है । मेरे/हमारे विचार से वर्ष 1981-82 के लिए दिया गया उपरोक्त विवरण मेरी/हमारी जानकारी एवं लेखा किताबों के अनुसार प्रदत्त विवरण से प्रसार संख्या, पृष्ठों की संख्या, आकार और प्रकाशन दिवसों की संख्या का सही विश्लेषण करता है ।

तारीख .....

सनदी लेखापाल की मुहर हस्ताक्षर .....

1. उस व्यक्ति का नाम एवं पद जिसने प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर किये है ।
2. पंजीकरण संख्या .....
3. पता .....

नोट :— 1 यदि वर्ष के औसत प्रसार संख्या 2,000 प्रतियां प्रति प्रकाशन दिवस से अधिक हो तो प्रमाणपत्र सनदी लेखापाल के पत्र शीर्ष पर टाईप होना चाहिए और उसी सनदी लेखापाल द्वारा ही सम्यक रूप से प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए ।

2. सभी औसत मास के अनुसार तत्संबंधी मास के दौरान निष्पादन के तथ्यों के आधार पर ही दिये जाने है ।

3 (छ) में दिये जाने वाले आंकड़ों, मास के दौरान प्रकाशित सभी अंकों के कुल पृष्ठों के जोड़ को उस मास के कुल प्रकाशन दिवसों की संख्या से भाग करके प्राप्त किये जा सकते है, जबकि (ज) में दिये जाने वाले आंकड़ों का हिसाब इस प्रकार होगा : एक अंक के पृष्ठों की संख्या को उस अंक के कुल प्रकाशित प्रतियों की संख्या से गुणा करने से तत्संबंधी प्रकाशन दिवस की कुल प्रकाशित पृष्ठों की संख्या निकल जायेगी । महीने में सभी प्रकाशन दिवसों की कुल प्रकाशित पृष्ठों की संख्या को जोड़ लेना चाहिए । मासिक औसत संख्या प्राप्त करने के लिए इस कुल संख्या को उस मास के कुल प्रकाशन दिवसों की संख्या से भाग किया जाना चाहिए ।

फार्म एन०पी०-4

नए दैनिक/नियतकालिक पत्रों के प्रकाशकों द्वारा दिए जाने वाला विवरण

1. समाचारपत्र/पत्रिका का नाम
   (क) नाम
   (ख) भाषा
   (ग) आवधिकता
2. अन्तिम घोषणा देने की तारीख
3. प्रकाशन आरम्भ करने की प्रस्तावित तारीख
4. मुद्रण हेतु प्रतियों की औसत प्रस्तावित संख्या
   (क) बिक्री हेतु प्रतियों की संख्या
   (ख) मुफ्त विवरण हेतु प्रतियों की संख्या

5 प्रकाशन का स्थान और मुद्रणालय का ब्यौरा

(क) मुद्रणालय के मालिक का विवरण

नाम

पता

(ख) छपाई की क्षमता

छपाई/मुद्राक्षर-विन्यास यंत्र (कम्पोजिंग मशीन) का मेक, माडल प्रति घंटा की गति और मशीन की वर्तमान आयु लिखें ।
(अर्थात् मशीन कब की बनी हुई है)

6 क्या अनुसूचित बैंक के नमूने के फार्म में बैंक की प्रतिभूति (गारंटी) दी गई है।

7. यदि हां, तो बैंक का नाम और प्रत्याभूति (गारन्टी) की रकम लिखें ।

8 क्या अखबारी कागज अभिकर्ता (एजेंट) द्वारा उठाया जायगा ।

9 यदि हां तो एजेंट का नाम लिखें

10. अखबारी कागज को उठाने की शर्त किश्तों में है या थोक में, बफर स्टाक/हाई सी सेल्स में

11. सम्पादक का नाम

घोषणा

मैं/हम यहां इस बात की घोषणा करता हूं/करते हैं कि उपरोक्त तथ्य मेरे/हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और ठीक है।

स्थान :
तारीख .

हस्ताक्षर . . .
नाम साफ अक्षरों में
पद . . .
निवास स्थान का पता . . . . . .

बैंक गारंटी के लिए फार्म

सेवा में,

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक
(सूचना और प्रसारण मंत्रालय)
पश्चिम ब्लाक-8
रामकृष्ण पुरम,
नई दिल्ली-110066

प्रिय महोदय,

जबकि सर्वश्री . . . . . .

(इसके बाद "अलाटी" कहा जायेगा) ने समाचारपत्र के प्रकाशनार्थ अखबारी कागज की निम्नलिखित मात्रा के आयात के लिए आपसे निवेदन किया है ।

नाम . . . . . भाषा . . . . . .

आवधिकता . . . . प्रकाशन का स्थान . . . . . .

लगभग मात्रा . . . . लगभग सी आई एफ मूल्य रुपये . . . . . .

और जब कि प्रस्तावित प्रकाशन के लिए अग्रिम आबंटन की शर्त के अनुसार, आवेदन की गई अखबारी कागज की मात्रा के लगभग मूल्य का 20 प्रतिशत के लिए अलाटी को बैंक गारंटी देना अपेक्षित है ।

अब उपरोक्त वचनों के विचारार्थ मैं और अलाटी के निवेदन पर, हम बैंक का नाम और पता एतद्द्वारा शर्त के रूप में अटल गारन्टी देते हैं और यह कि विक्रय कीमत की अदायगी न करने के मामले में और/अथवा आपके द्वारा निर्धारित/निर्धारित होने वाली सभी अथवा किसी भी शर्त के पालन करने में अलाटी की ओर से अन्य कोई चूक/असफलता का भार अपने ऊपर लेते हैं और हम आपकी प्रथम मांग पर . . . . . रुपये तक कोई भी राशि बिना विलम्ब अथवा अलाटी को बिना किसी हवाले के देंगे ।

आपका यह निर्णय कि अलाटी की ओर से चूक/असफलता हुई है, अंतिम निर्णायक और हम पर बाध्य होगा ।

यह गारन्टी अलाटी को आपके द्वारा बनाई गई किसी प्रकार के बचाव अथवा अनुग्रह और/अथवा आप द्वारा निर्धारित शर्तों में किसी परिवर्तन द्वारा और/अथवा उसी के गठन में और/अथवा अलाटी द्वारा प्रभावित नहीं होगी ।

यह गारन्टी जारी होने की तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए विधिमान्य और उसकी समाप्ति की तारीख के छ महीने भीतर उसके अन्तर्गत रकम की मांग भेजनी चाहिए ।

दिनांक

भवदीय,
प्राधिकृत बैंक अधिकारी के हस्ताक्षर

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

PUBLIC NOTICE No. 1-PR-NP/82

NOTIFICATION

New Delhi, the 30th September 30, 1982

File No. 33(25)/82-PR-NP, JS(B).—In terms of para 6 of Appendix 9 to the Import and Export Policy for April 1982—March 1983, read with sub clause (5) of Clause 3 of the Newsprint Control Order, 1962, the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting hereby notify the Newsprint Allocation Policy for the licensing year April 1982—March 1983 as in the Annexure to this Public Notice.

2. The price of imported newsprint in all varieties will be fixed separately by the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting for each quarter of the above licensing year and the same will be announced through the State Trading Corporation of India, New Delhi.

J. K. BHATTACHARYA, Joint. Secy.

ANNEXURE

NEWSPRINT ALLOCATION POLICY, 1982-83

1. Applicability :

This Policy relates to allocation of newsprint to which the Newsprint Control Order, 1962 applies.

2. Definition .

In this Policy and in the appended instructions, a "newspaper" shall mean a daily newspaper or any other periodical.

3. Eligibility :

3.1 Every newspaper which fulfilled the prescribed percentage of regularity of publication, as mentioned in para 1 of the Appendix to this Policy, is eligible for allocation of newsprint.

3.2 Allocation of newsprint may also be authorised by RNI for the following :—

(i) Transmission of news over teleprinters by news agencies;

(ii) Trial printing by newspaper ;

(iii) Printing of low price books for promotion of education; and

(iv) Printing of college and school magazines.

3.3. The following categories of publications will not be eligible for allocation of newsprint :—

(i) Journals published primarily to promote sale of goods or services;

(ii) House journals/magazines brought out by undertakings/firms/industrial concerns;

(iii) Price lists; catalogoues and lottery news;

(iv) Racig guides; and

(v) Sex Magazines.

4. Entitlement :

4.1 The basic entitlement of newsprint for 1982-83 of the existing newspapers which have fulfilled the stipulations as contained in para 2.1 above, will be determined on the basis of actual consumption of newsprint or white printing paper or both in 1981-82 taking into account the average circulation, the average number of pages, the average page area published and the number of publishing days, as per instructions contained in para 2.1 read with paras 2.7 and 2.8 of the Appendix to this Policy.

4.2 Newsprint obtained under the scheme for export promotion and consumed during 1981-82 will also be taken into account [illegible] entitlement of 1982-83.

4.3 All the editions of a newspaper (i.e. bearing the same title, having the same periodicity, published in the same language and owned by the same owner), whether published from the same place or from different places would be treated as one newspaper and its entitlement will be calculated on the basis of the performance particulars in respect of all the editions.

